प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 128/2023)

तत्काल प्रकाशन हेतु

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

'ई एंड वी बैंड में स्पेक्ट्रम का असाइनमेंट, और माइक्रोवेव एक्सेस (एमडब्ल्यूए) और माइक्रोवेव बैकबोन (एमडब्ल्यूबी) के लिए स्पेक्ट्रम' विषय पर भादूविप्रा के परामर्श पत्र पर टिप्पणियाँ / प्रति टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।

नई दिल्ली, 24 नवंबर, 2023 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दिनांक 27 सितंबर 2023 को 'ई एंड वी बैंड में स्पेक्ट्रम के असाइनमेंट, और माइक्रोवेव एक्सेस (एनडब्ल्यूए) और माइक्रोवेव बैकबोन (एनडब्ल्यूबी) हेतु स्पेक्ट्रम' विषय पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। प्रारंभ में, परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से लिखित रूप में टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 25 अक्टूबर 2023 और प्रति टिप्पणियाँ प्राप्त करने के लिए दिनांक 8 नवंबर 2023 निर्धारित की गई थी। तथापि, उद्योग संघों के अनुरोध पर, लिखित टिप्पणियाँ और प्रति टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि पहली बार में क्रमशः दिनांक 15 नवंबर 2023 और दिनांक 29 नवंबर 2023 तक और दूसरी बार में क्रमशः दिनांक 29 नवंबर 2023 और दिनांक 13 दिसंबर 2023 तक बढ़ा दी गई थी।

2. टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने हेतु और समय बढ़ाने के लिए उद्योग संघों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, लिखित टिप्पणियाँ और प्रति टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि क्रमशः दिनांक 13 दिसंबर 2023 और दिनांक 27 दिसंबर 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। विस्तार हेतु किसी और अनुरोध पर अब विचार नहीं किया जाएगा।

3. टिप्पणियाँ/प्रति-टिप्पणियाँ, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, ईमेल आईडीः advmn@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग), भादूविप्रा से दूरभाष संख्या +91-11-23210481 पर संपर्क किया जा सकता है।

हा./-[24.11.2023]

(राजीव सिन्हा)

सचिव प्रभारी, भादूविप्रा

*****